卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त
हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 24 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦मंगलवार ♦31 अक्टूबर 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## दो अग्निकाण्डों में लाखों की क्षति

### ईश्वर कालोनी और भल्ला मेडिकल गली स्थित घर में भड़की आग

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। ईश्वर कालोनी में मेडिकल कारोबारी के घर में घर में आग लगने की सूचना से हड़कम्प मच गया। आनन फानन में दमकल




अनुसार ईश्वर कालोनी निवासी मेडिकल व्यवसायी योगेश कुमार जुगनू के घर में आग लगने से हड़कम्प मच गया। यहां आग का काबू किया ही जा रहा था कि तभी भल्ला मेडिकल गली में स्थित एक कर्मियों ने मौके पर पहुंचकर आग को काबू किया। दोनों अग्निकाण्ड में लाखों की क्षति का अनुमान है। जानकारी के अचानक आग लग गयी। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। घर में मौजूद (शेष पृष्ठ सात पर)

## बेकाबू बस से कुचलकर किशोर की मौत, हंगामा

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। बस से हुई टक्कर से साईकिल सवार किशोर की मौत के बाद परिजनों ने चिकित्सालय में हंगामा शुरू कर दिया। जानकारी मिलने पर बनभूलपुरा थानाध्यक्ष नीरज भाकुनी ने चिकित्सालय पहुंच कर मामला शांत



कराया और बस चालक को हिरासत में लेकर बस को सीज कर दिया। बयाया जाता है कि 17 वर्षीय किशोर साइकिल से काम पर जा रहा था। बस ने उसे टक्कर मार दी। जिसमें किशोर गंभीर रूप से घायल हो गया था।लोगों ने किशोर को बेस अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित (शेष पृष्ठ सात पर)

KJ KUMAON JEWELLERS
TRUSTED TRADE
100% Hallmarked HUID Jewellery Showroom
50% Off On Making Charges
Bhotia Parao, Near Taxi Stand Nainital Road, Haldwani
Unchapul, Near Devashray Colony, Haldwani
Opp. P.A.C. Gate No. 2 Near ICICI Bank Rudrapur (U.S Nagar) Uttarakhand
Near Soban Singh Jeena Base Hospita, Haldwani Uttaranchal Trade Centre, Tikonia, Haldwani
Ph.: 9759290502, 8791172502
E-mail.: verma.sanjeev9759@gmail.com

## विदेश भेजने के नाम से हड़प लिए 14.20 लाख

### कोर्ट के आदेश पर तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। एक मध्यम परिवार का पिता अपने बेटे को विदेश में बेहतर शिक्षा देने के लिए कितने सपने देखता है। जब विदेश में भेजने के नाम पर उससे कोई लाखों रूपये की धोखाधड़ी कर ले तो उस पर क्या बीतती होगी इसकी कल्पना की जा सकती है। ऐसा ही एक मामला सामने आया है जिसमें युवक को विदेश भेजने के नाम पर कुछ लोगों ने उसके पिता से 14 लाख रूपये का धोखाधड़ी कर हड़प लिए। कोर्ट के आदेश पर आरोपियों के विरूद्ध पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं। दर्ज रपट में सुच्चा सिंह पुत्र गरीब सिंह निवासी ग्राम गोविन्दपुरा कचनाल तहसील व थाना बिलासपुर जिला रामपुर ने खुशवन्त सिंह पुत्र प्रताप सिह निवासी मालिक बरार ओवर सीज, रुद्रपुर, निवासी बेरिया रोड, शिवपुरी डोडपुरा उर्फ छोटुपुरा बाजपुर, उसकी किरनदीप कौर पुत्री मनमोहन सिंह, मनमोहन सिंह निवासीगण बेरिया रोड शिवपुरी डोडुपुरा उर्फ छोटुपुरा बाजपुर पर आरोप लगाते हुए कहा है कि वह अपने पुत्र इन्द्रजीत सिह को विदेश में पढ़ाई हेतु भेजना चाहता था। जिसके लिए वह बरार ओवरसीज सुच्चा सिह के आफिस गया। जहां पर प्रार्थी को बरार ओवरसीज के मालिक खुशवन्त सिंह, उसकी पत्नी किरनदीप कौर व किरनदीप कौर के पिता मनमोहन सिंह से बात की।उन्होंने बताया कि इन्द्रजीत सिंह को इंग्लैण्ड विदेश में पढाई हेतु भेज देंगे जिसके लिए15 लाख रुपये का खर्च बताया। उक्त तीनों लोग उसके घर पर लगातार आने लगे। उन्होंने पासपोर्ट बैंक खाते की चैकबुक, एटीएम तथा खाते का क्रेडिट कार्ड अपने आफिस में बुलाकर जमा करवा लिया ।40 हजार रुपये किरनदीप कौर के खाते में ऑनलाईन ट्रान्सफर किये गये। 1.80 लाख रूपये खुशवन्त सिंह के खाते में ट्रान्सफर किये गये। जुलाई में 5 लाख रुपये खुशवन्त सिंह को दिये गये तथा 8 अगस्त 2022 को उसने अपनी पत्नी जसवीर कौर के बैंक खाते से खुशवन्त सिंह के खाते में 2 लाख रुपये की अदायगी की गई। जिसके बाद 13 अगस्त 2022 (शेष पृष्ठ सात पर)

## भ्रष्ट अधिकारी सीएम को कर रहे बदनाम:बेहड़

किच्छा(उद संवाददाता)। प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को भ्रष्टाचार में लिप्त अधिकारी बदनाम करना चाह रहे हैं।भ्रष्टाचार में लिप्त तमाम विभागों के आला अधिकारी उत्तराखंड में इस कदर भ्रष्टाचार में लिप्त हो गए हैं कि कोई भी कार्य बिना सुविधा शुल्क के किया जाना असंभव हो गया है। उन्होंने कहा कि



के अधिकारियों द्वारा किए जा रहे कार्यो से आम जनता त्रस्त है। क्षेत्रीय विधायक तिलक राज बेहड़ ने उक्त आरोप यहां विधायक कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में लगाए। उन्होंने कहा कि तमाम विभागों विद्युत विभाग के एम डी की तैनाती भी भ्रष्टाचार की एक कड़ी में हुई है। भाजपा के एक नेता की इस तैनाती में बहुत बड़ी भूमिका रही है।उन्होंने कहा कि अवैध खनन का खेल खुल्लम-खुल्ला चल रहा है जिस पर प्रशासन बेबस है ।उन्होंने कहा कि उनके पास अवैध खनन की रात्रि में 30 ट्रकों की वीडियो उपलब्ध है जिनको खनन माफिया (शेष पृष्ठ सात पर)

### मुगेरी लाल के हसीन सपने देख रहे पांडे

किच्छा। पूर्व शिक्षा मंत्री एवं गददपुर विधायक अरविंद पांडे द्वारा बेहड़ की बीजेपी में वापसी की बात पर चुटकी लेते हुए कांग्रेस के विधायक तिलक राज बेहड़ ने कहा कि मुंगेरीलाल के हसीन सपने देख रहे हैं। उनका यह कहना है कि वह हमारे मार्गदर्शक हैं उनका बड़प्पन है किंतु कांग्रेस छोड़कर बीजेपी में सम्मिलित होने वाली बात विधायक पांडे की मुंगेरी लाल के हसीन सपने की तरह है।

## सड़क पार करते व्यक्ति को बाईक ने मारी टक्कर,मौत

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।किच्छा मार्ग पर भदईपुरा गेट के सामने सड़क पार कर रहे एक व्यक्ति को तेज गति से जाती बाईक ने टक्कर मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। बाईक चालक मौके से फरार हो गया। घायल व्यक्ति को उपचार के लिए चिकित्सालय ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिर्या। सूचना मिलने पर पुलिस ने चिकित्सालय पहुंचकर मृतक के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। मृतक की शिनाख्त भदईपुरा निवासी मूल निवासी रिच्छा रोड गरगया वकनिया थाना दोहरनिया जिला बरेली 45 वर्षीय हरवंश सिंह पुत्र श्याम लाल के रूप में की गई। जानकारी के अनुसार गत रात्रि भदईपुरा गेट के सामने मुख्य मार्ग पर भदईपुरा निवासी मूल निवासी रिच्छा रोड गरगया वकनिया थाना दोहरनिया जिला बरेली हरवंश सिंह पुत्र श्याम लाल सड़क पार कर रहा था। इसी दौरान तेज गति से आती मोटर साइकिल के सवार ने उसे टक्कर मार दी जिससे हरबंस गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगो द्वारा निजी वाहन से उसे उपचार के लिए हॉस्पिटल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना से मृतक के परिवार में कोहराम मचा है। बताया जाता है कि मृतक की दो पुत्रियां व एक पुत्र है। जिनमें एक पुत्री की शादी हो चुकी है तथा दूसरी पुत्री की शादी अगले महीने होने वाली है। समाचार लिखे जाने तक परिजनों की ओर से पुलिस को कोई तहरीर नहीं दी गई है।

## पटेल जयंती पर भाजपाईयों ने निकाली बाइक रैली

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। लौह पुरूष सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयंती पर मेयर रामपाल सिंह के नेतृत्व में ट्रांजिट कैम्प फुटबाल मैदान से विशाल निगम में पटेल जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया गया। यहां पर मेयर रामपाल ने निगम कर्मियों को देश की एकता एवं अखण्डता के लिए काम ने संयुक्त रूप से किया। बाइक रैली में मेयर रामपाल सिंह खुद भी बाइक पर सवार होकर निकले। बाईक रैली विभिन्न मार्गों से होते हुए आवास विकास स्थित संकल्प लिया। इस अवसर पर मेयर रामपाल सिंह ने कहा कि लौह पुरूष सरदार पटेल का योगदान कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने तकरीबन 562




बाइक रैली निकाली गयी। इससे पूर्व नगर निगम सभागार में मेयर रामपाल ने निगम के अधिकारियों और कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई। नगर करने की शपथ दिलाई। इसके पश्चात ट्रांजिट कैम्प फुटबाल मैदान में विशाल बाइक रैली का शुभारम्भ मेयर रामपाल सिंह और भाजपा नेता भारत भूषण चुघ पटेल पार्क में पहुंची। यहां पर मेयर रामपाल सिंह अन्य लोगों ने सदार पटेल जी की मूर्ति पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया और उनके आदर्शों पर चलने का रियासतों में बंटे भारत को एक राष्ट्र बनाने के लिए संघर्ष किया। उन्होंने जूनागढ़ और हैदराबाद जैसे विवादित रियासत को भी अपनी चतुराई (शेष पृष्ठ सात पर)

# ग्रामीण खिलाड़ी कर रहे देवभूमि का नाम रोशन:जिंदल

## स्पोर्ट्स स्टेडियम में एकल अभियान का खेलकूद समारोह संपन्न

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। ग्रामीण खेल प्रतिभाएं भी बेहतर खेल सुविधाएं व प्रोत्साहन मिलने पर अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर देवभूमि उत्तराखंड का नाम रोशन कर सकती हैं। यह बात भारत लोक शिक्षा परिषद के संरक्षक योगेश जिंदल ने आज यहां श्री मनोज सरकार स्पोर्ट्स स्टेडियम में एकल अभियान अभ्युदय यूथ क्लब द्वारान आयोजित दो दिवसीय खेल समारोह के समापन अवसर पर अपने संबोधन में कही। उन्होंने कहा कि ऐसे कई बार देखनेबको मिला है कि राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाली कई प्रतियोगिताओं में पदक जीतने वाले खिलाड़ी ग्रामीण क्षेत्रों के निवासी हैं। जो देश के लिए सौभाग्य की बात है। श्री जिंदल ने एकल अभियान अभ्युदय यूथ क्लब के प्रयासों की मुक्त कंठ से सराहना करते हुए कहा कि केंद्र एवं प्रदेश सरकारों को भी इसका अनुसरण करना चाहिए। ताकि ग्रामों में छिपी खेल प्रतिभाएं निखर कर सामने आ सकें। कार्यक्रम संयोजक एवं एकल अभियान खेलकूद प्रदेश प्रभारी भारत भूषण चुघ ने अपने संबोधन में समापन अवसर पर उपस्थित सभी गणमान्य अतिथियों, खिलाड़ियों, शिक्षकों, प्रशिक्षकों केसर ही सभी खेल प्रेमियों का स्वागत करते हुए कहा कि एकल अभियान के तहत छात्र छात्राओं को शिक्षा के साथ साथ संस्कार, भारतीय संस्कृति



की जानकारी, हिंदू ग्रंथों का ज्ञान, पर्यावरण, स्वच्छता आदि सहित अभ्युदय यूथ क्लब के माध्यम से खेलों के प्रति प्रोत्साहित किया जाता है। उन्होंने कहा कि बच्चों की ग्राम स्तर से सम्भाग स्तरीय खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती हैं। जिसके विजेता खिलाड़ी एकल अभियान की राष्ट्रीय खेल प्रतिय ोगिताओं में प्रतिभाग करते हैं। पूर्व में प्रदेश के कई खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय स्तर पर पदक तथा ट्रॉफी भी जीतकर प्रदेश का नाम रोशन किया है। पदक जीत कर लौटे खिलाड़ियों का जोरदार स्वागत किया जाता है। उन्होंने बताया आज के विजेता खिलाड़ियों को एकल अभियान के आगामी जनवरी 2024 में नागपुर में होने वाले राष्ट्रीय खेलकूद समारोह में शामिल होने का अवसर प्रदान किया जाएगा। कार्यक्रम को मंडी परिषद अध्यक्ष एवं दर्जा राज्य मंत्री डा. अनिल कपूर डब्बू,भारत लोक शिक्षा परिषद रूद्रपुर अध्यक्ष विजय भूषण गर्ग, ब्लॉक प्रमुख ममता जलहोत्रा, आरएसएस प्रांत सह बौद्धिक प्रमुख नरेंद्र, भारत लोक शिक्षा परिषद रूद्रपुर चेयरमैन रोहतास बत्रा, भारत लोक शिक्षा परिषद रूद्रपुर कार्यकारी अध्यक्ष दिनेश कपूर, शांति पाण्डे, दिनेश भारद्वाज आदि ने संबोधित किया। समापन अवसर पर सभी विजेता खिलाड़ियों को स्मृति चिन्ह प्रदान कर पुरुस्कृत किया गया। इस मौके पर पवन मिगलानी, संभाग अध्यक्ष हरीश बजाज, विनय बत्रा, बल्देवराज छाबड़ा, कुशल अग्रवाल, अंजुल त्यागी, शैली बंसल, सह बौद्धिक प्रमुख नरेंद्र जी जिला प्रचारक जितेंदर जी भास्कर दास, राकेश सिंह, राजेन्द्र तुलसियान, विनोद फोगाट, हिमांशु





# राष्ट्रीय सेमिनार में सम्मानित हुए डा.अशोक गर्ग

## रामनगर में आयोजित हुआ नेत्र रोग विशेषज्ञ सेमिनार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। उत्तराखण्ड स्टेट ओप्थलमोलोजिकल सोसायटी की ओर से 19वाँ वार्षिक सेमिनार 27 से 29 अक्टूबर तक रामनगर में आयोजित किया गया। इसमें रूद्रपुर के नेत्र रोग विशेषज्ञ डा. अशोक गर्ग को सेमीनार में नेत्र रोगों एवं उनके उपचार एवं आधुनिक सर्जिकल उपचार पद्धत्ति एवं नेत्र रोगों से सम्बन्धित नया आधुनिक ईलाज एवं बेहतर उपचार पर चर्चा हुई। सेमिनार में पूरे भारत के 6 अलग-अलग केंद्रो पर मरीजों पर हो रही सर्जरी को विशेषज्ञों द्वारा इस्तेमाल की गई नई सर्जिकल विधि का बाकी सभी डॉक्टरों को जानने एवं सीखने का मौका मिला। सेमीनार के दौरान करीब 200 से अधिक आँखों के सभी रोगों से सम्बन्धित विषयों पर चर्चा एवं जानकारी दी गई। इससे कुमार मित्तल, सचिव डा. सतांशु माथुर एवं इस सेमीनार के अध्यक्ष डा. मंयक पांगती, आयोजन सचिव डॉ. अशोक गर्ग, वैज्ञानिक समिति के अध्यक्ष डा. सौरव लूथरा लाइव सर्जरी एवं पुरस्कार समिति अध्यक्ष डा. गौरव लूथरा का विशेष





प्रेसीडेंट अवार्ड से नवाजा गया। इस नेत्र रोग विशेषज्ञ सेमिनार में उत्तराखण्ड, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, चंडीगढ, पंजाब, हरियाणा एवं जम्मू कश्मीर सहित देश के विभिन्न शहरों से करीब 500 आई स्पेशलिस्ट डॉक्टरों ने प्रतिभाग किया। रामनगर में सेमीनार समिति की तरफ से यूट्यूब लाईव के माध्यम से पूरे भारत में प्रर्दशित किया गया और उस पर चर्चा की गई। इसमें करीब 20-25 सर्जरी का सीधा प्रसारण किया गया। जिससे पूरे भारत में आँखों से संबन्धित रोगों से डॉक्टर मरीजों का बेहतर ईलाज कर सकेगें। सम्मेलन का शुभारंभ भारत का सबसे बड़ा आँखो का अस्पताल एल. वी. प्रसाद आई इंस्टीट्यूट के पूर्व निदेशक डा० जी. एन. राव द्वारा किया गया। इस दौरान सोसायटी के अध्यक्ष प्रो० संजीव योगदान रहा। सेमिनार के बेहतर आयोजन के लिये डॉक्टर कालोनी, रूद्रपुर स्थित हॉस्पिटल राम आई केयर एण्ड नर्सिंग होम के निदेशक डा. अशोक गर्ग का उत्साह पूर्ण स्वागत करते हुए प्रेसीडेंट ऐप्रिसिएशन अवार्ड से सम्मानित किया गया।

# राष्ट्रीय एकता दिवस पर मैराथन दौड़ का आयोजन

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय डियोढ़ी में राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर सरदार वल्लभभाई पटेल की 148 वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। विद्यालय के विद्यार्थियों ने सर्वप्रथम देश की एकता एवं अखंडता को बनाए रखने की प्रतिज्ञा करी तत्पश्चात एक मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया इसमें सभी विद्यार्थियों ने बड़े जोश के साथ भाग लिया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल का जन्म 31 अक्टूबर 1875 को गुजरात के नडियाद में हुआ था। उन्होंने देश की आजादी के लिए कई आंदोलनों में बढ़-चढ़कर भाग लिया जिनमें खेड़ा संघर्ष और बारडोली सत्याग्रह प्रमुख हैं। आजादी के बाद





भारत के प्रथम उप-प्रधानमंत्री एवं गृहमंत्री के रूप में उन्होंने अपनी नीतिगत दृढ़ता एवं साहस का परिचय देते हुए 562 देसी रियासतों का विलय भारत में करवाया। हैदराबाद स्टेट के निजाम ने भारत में विलय करने से इन्कार किया तो उन्होंने सेना भेज कर निजाम को विलय करने के लिए मजबूर किया। उनकी इसी दृढ़ता के कारण महात्मा गांधी ने उन्हें लौह पुरुष कहकर संबोधित किया। भारत की प्रथम महिला प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी की 38 में पुण्यतिथि पर उनको भावभीनी श्रद्धांजलि भी अर्पित की गई। यहां विद्यालय के प्रधानाध्यापक सोबरन सिंह राणा,वरिष्ठ शिक्षक सूरज सक्सेना, विद्यालय की सहायक अध्यापिका रुचि सक्सेना, जीत कौर, बिमला देवी शायना, बिलाल, कमलप्रीत, साहिल, समीर,आदि उपस्थित थे।

# पुलिस अधिकारियों कर्मचारियों को दिलाई शपथ

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर एसएसपी डा. मंजुनाथ टी सी ने सभी पुलिस अधिकारी कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता एव अखंडता की शपथ दिलाई।पटेल जयंती अटरिया होते हुए पुलिस लाईन तक मार्च पास्ट कर आम जनमानस को देश की एकता अखंडता एवं आंतरिक सुरक्षा को बनाए रखने का संदेश दिया गया। मार्च पास्ट के दौरान सरदार वल्लभ भाई अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा सरदार बल्लभ भाई पटेल के संकल्पों को साझा किया गया।उधर कोतवाली परिसर में एसएसआई अर्जुन गिरी गोस्वामी ने पुलिस कर्मियों को राष्ट्र की एकता, दौरान चौकी प्रभारी रम्पुरा केसी आर्या,बाजार पुलिस चौकी संदीप शर्मा, चौकी प्रभारी आदर्श कालोनी महेश कांडपाल,एसआई मोहन चन्द्र जोशी, सीओ सिटी के पेशकार अशोक रावत,हेड





राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर राष्ट्र की सुरक्षा, एकता और अखंडता को मजबूत करने के उद्देश्य से पुलिस लाइन में एसएसपी डॉ मंजुनाथ टी सी महोदके निर्देशन में ऊधम सिंह नगर पुलिस द्वारा पुलिस लाइन रुद्रपुर से नैनीताल रोड से पटेल के ओजपूर्ण संदेश से परिपूर्ण नारे लगाए गए। इसके पश्चात पुलिस लाईन में एसएसपी ने सभी राष्ट्रीय एकता और अखण्डता की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में एस पी सिटी रुद्रपुर, सीओ सिटी, सीओ संचार, सीओ ट्रैफिक, सभी पुलिस अखण्डता और सुरक्षा को बनाये रखने के लिए स्वयं को समर्पित करने, और देशवासियों के बीच यह संदेश फैलाने का भरसक प्रयास करने के साथ ही देश की आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अपना योगदान देने की शपथ दिलाई। इस कांस्टेबल विजय भारती, कैलाश टम्टा,अजय कुमार, आंनद सिंह, कैलाश चंद्र, किशोर जोशी,ममता आर्या,जानकी पांडे, माया, सबिता बोरा, सुनीता, महेंद्र कुमार, गणेश,हेम फुलारा आदि मौजूद। इस दौरान कई पुलिस कर्मी शपथ ग्रहण से दूर रहे।

# इंडियन ऑयल अडानी गैस के खिलाफ लोगों में भारी रोष

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। इंडियन ऑयल अडानी गैस प्रा. लि. कंपनी के खिलाफ लोगों में रोष पनप रहा है। दरअसल शहर की कई कालोनियों में अडानी गैस ने पाईप लाईन से घर घर पहुंचाने का वायदा किया था । अपने वायदे को पूरा करने में कंपनी नाकाम साबित हो रही है। मलिक कालोनी के लोगों का कहना है कि करीब तीन वर्ष पूर्व उन्होंने गैस कनेक्शन के लिए कंपनी को पैसे जमा कराये थे। कंपनी के कर्मचारियों ने जल्द गैस की सप्लाई शुरू करने का वायदा किया था। कई जगह कंपनी के गैस की पाईप लाईन तो बिछा दी है लेकिन अभी तक गैस की सप्लाई शुरू नहीं हो पायी है। कालोनीवासियों का कहना है कि कंपनी ने करीब तीन वर्ष पहले कनेक्शन के पैसे जमा कराये थे जब कंपनी के लोगों से गैस की सप्लाई को लेकर बात की जाती है तो टाल मटोल किया जाता है। कंपनी के खिलाफ अब कालोनी के लोग आंदोलन का मन बना रहे हैं।

रेरा एप्रूव्ड कालोनी
30 से 60 तक चौड़ी सड़कें,
बड़े-बडे पार्क, गेट बंद कालोनी
90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा,
सीवरेज, स्ट्रीट लाईट

डायनामिक गार्डन सिटी
तोमर कंस्ट्रक्शन
श्री राधा स्वामी सत्संग घर गेट नं. 7 के सामने किच्छा रोड, रूद्रपुर
मोबा. 9557222289,7088169159

100 से 400 गज तक के प्लाट
100,160, 200 गज विला
खरीदने व बेचने हेतु सम्पर्क करें।
100 से अधिक परिवार रह रहे हैं

# कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने इंदिरा गांधी और सरदार पटेल के आदर्शों पर चलने का लिया संकल्प

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।देश की पूर्व प्रथम महिला प्रधानमंत्री लोह महिला स्वर्गीय श्रीमती इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि और देश के प्रथम गृहमंत्री लोह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती यहां कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा उत्साह पूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर



कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने दोनों ही महान नेताओं के पद चिन्हों पर चलने का संकल्प लिया। इससे पूर्व उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीमती मीना शर्मा के नेतृत्व में दर्जनों कांग्रेस कार्यकर्ता गांधी पार्क स्थित पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी की प्रतिमा के सम्मुख एकत्रित हुए। बाद में सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जब तक सूरज चांद रहेगा, इंदिरा तेरा नाम रहेगा इंदिरा तेरा ये बलिदान,याद करेगा हिंदुस्तान,आदि नारे लगाकर स्वर्गीय गांधी को नमन किया और उनकी मूर्ति पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की स बाद में गांधी पार्क से सभी कांग्रेस कार्यकर्ता आवास विकास स्थित सरदार वल्लभभाई पटेल पार्क पहुंचे स जहां कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सरदार पटेल की मूर्ति पर माल्यार्पण किया, और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर प्रमुख रूप से उपस्थित पूर्व दर्जा राज्य मंत्री हरीश बावरा, महानगर कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष जगदीश तनेजा, पूर्व सांसद प्रतिनिधि साजिद खान, पीसीसी सदस्य परिमल राय, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व प्रधान विजय यादव,महानगर महिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष मोनिका ढाली,महानगर कांग्रेस सेवादल के अध्यक्ष संजीव रस्तोगी, महानगर कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के अध्यक्ष रामप्रसाद, महानगर यूथ कांग्रेस के अध्यक्ष रणजीत सिंह राणा,ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष दिनेश पंत, निगम पार्षद और नेता प्रतिपक्ष मोनू निषाद,पार्षद अशफाक अहमद, कांग्रेस सेवादल के प्रदेश सचिव रामाधारी गंगवार, अरविंद सक्सेना,उमर अली सलमानी, दिलशाद अहमद, सुदर्शन शर्मा, पूर्व बीडीसी राकेश जोशी, कमलेश गुप्ता, रविंद्र गुप्ता, नदीम खान, डॉक्टर सुमित राय, रणजीत तिवारी,बाबू विश्वकर्मा, आमिर हुसैन, दिनेश मौर्य ,सुभाष दिवाकर, मेवाराम गंगवार, के पी गंगवार, अनिल राय, प्रशांत कपूर, अनिल शर्मा, सहित बड़ी संख्या में अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# महान गुरमत समागम के समापन पर संगत ने की सुख शांति की अरदास

गदरपुर(उद संवाददाता)। श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के गुरु गद्दी दिवस को समर्पित अमृत प्रचार संगत के जत्थेदार बाबा जगजीत सिंह के दिशा निर्देशन में गेट पॉलिटेक्निक दोराहा बाजपुर में आयोजित तीन दिवसीय महान गुरमत समागम के समापन दिवस पर श्री गुरु ग्रंथ साहिब की गुरबाणी कीर्तन एवं कथा के माध्यम से वक्ताओं ने संगत को आनंदित किया। 3 दिन लगातार गुरु के लंगर के अलावा निशुल्क आयुर्वेदिक, एलोपैथिक, होम्योपैथिक दवाइयां के अलावा धार्मिक पुस्तकों ,चाय दूध ,मिष्ठान एवं फलों के जूस का निशुल्क वितरण किया गया। इस दौरान रागी भाई जगजीत सिंह,सहजपाल सिंह जी, पटियाला,भाई हरजोत सिंह जख्मी जालंधर एवं भाई भगता सिंह जी अमृतसर,भाई दविंदर सिंह बोदल होशियारपुर द्वारा रागों पर आधारित मनोहर कीर्तन करके संगत को निहाल किया गया। कथावाचक ज्ञानी गुज्जर सिंह असंध,ज्ञानी नरेंद्र सिंह करनाल एवं ज्ञानी मनप्रीत सिंह दिल्ली द्वारा संगत को गुरबाणी शब्द विचार एवं गुरु इतिहास



के अलावा सिख सिद्धांतों से अवगत कराते हुए नित्य गुरबाणी पाठ एवं पंजाबी/ गुरमुखी भाषा का ज्ञान प्राप्त करने के लिए अपील की। अमृत प्रचार संगत के जत्थेदार बाबा जगजीत सिंह द्वारा छह बच्चों को सुंदर दस्तार सजाकर उन्हें आशीर्वाद दिया गया। इस अवसर पर हरेंद्र सिंह लाडी,हरबंस सिंह,हरवंत सिंह, बाबा प्रताप सिंह, सुखदेव सिंह नामधारी, जोरावर सिंह,परमजीत सिंह, सुरेंद्र सिंह नामधारी हरदयाल सिंह,जीत सिंह, कुलविंदर सिंह,विधायक अरविंद पांडे, भाजपा जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा, सुरेश खुराना,हरजिंदर सिंह, बलविंदर सिंह, गुरमुख सिंह हरविंदर सिंह सहित हजारों की संख्या में संगत में कार्यक्रम में सहभागिता की। कार्यक्रम आयोजक सेवादारों ने देश-विदेश से पहुंची सभी संगत का धन्यवाद करते हुए आभार जताया।

# सरदार पटेल ने दी थी देश को नई दिशा: ठुकराल

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। लौह पुरूष सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयंती पर पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल के नेतृत्व में आवास विकास



स्थित पटेल पार्क में सरदार पटेल की मूर्ति पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया और उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। इस दौरान पूर्व विधायक ठुकराल ने कहा कि लौह पुरूष सरदार वल्लभभाई पटेल का योगदान कभी भुलाया नहीं जा सकता। सरदार पटेल ने आजादी के बाद टुकड़ों में बनी 565 रियासतों को जोड़ कर एक अखंड भारत बनाया था। सन् 1928 में ब्रिटिश सरकार ने गुजरात के बारदोली में किसानों पर 22 प्रतिशत लगान लगा दिया था। इस बात पर वल्लभभाई पटेल ने ब्रिटिशर्स के खिलाफ आंदोलन छेड़ा था। आंदोलन भी इतना बडा कि आखिरकार सरकार को ही झुकना पड़ा और लगान घटा कर 6.03 फीसद कर दिया गया। आंदोलन की सफलता से खुश होकर बारदोली की महिलाओं ने वल्लभभाई पटेल को सरदार नाम से सम्मानित किया। ठुकराल ने कहा सरदार पटेल ने देश को नई दिशा दी थी। उनके विचार आज भी देशवासियों के लिए प्रेरणादायी है। इस दौरान भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा, कांग्रेस महानगर अध्यक्ष सीपी शर्मा ,सुरेंद्र चौधरी, जयवीर सिंह गंगवार ,उत्तम दत्ता, मेवाराम गंगवार, गोपाल भसीन, मुन्नालाल ,अनिल राय , हरविंदर सिंह, राम सिंह गंगवार ,भूपेंद्र सैनी, सुनील आर्य ,सीपत सरकार, राजेश जगा, दर्शन अरोड़ा, भूपेंद्र कुमार, उमा सरकार, बाबू विश्वकर्मा, गोपाल यादव, विनोद कुमार, प्रशांत कपूर, सतीश राजपूत, रामप्रसाद, रोहतास पटेल ,नरेश उप्रेती ,मानसिंह, प्रेमचंद सिंह, मोनिका डाली ,राजू वर्मा ,बंटी कोली आदि दर्जनों नागरिक उपस्थित थे।

# सरदार पटेल और इंदिरा गांधी को किया नमन

किच्छा (उद संवाददाता)।देश की प्रथम महिला प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी जी की पुण्यतिथि व भारत के लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयंती किच्छा विधायक तिलक राज बेहड़ के आवास विकास स्थित कार्यालय में मनाई गयी। इस मौके पर विधायक तिलक राज बेहड़ ने कार्यकर्ताओं के साथ उनके चित्रों पर मालार्पण किया व फूल अर्पित कर उनको याद किया।



विधायक बेहड़ ने देश की दोनों महान हस्तियों को याद करते हुए कहा कि इंदिरा गांधी एक अजीम शख्यियत थीं। उनके भीतर गजब की राजनीतिक दूरदर्शिता थी। इंदिरा गांधी के बाद से अब तक देश को कोई महिला प्रधानमंत्री नहीं मिली। इंदिरा नारी शक्ति का बेमिसाल प्रतीक हैं। बतौर प्रधानमंत्री उनके दमदार फैसलों ने पूरे देश में क्रांति ला दी थी। देश के प्रति उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। इस मौके पर उपस्थित सभी कांग्रेस के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उनके चित्रों पर पुष्प अर्पित करते हुए उनको याद किया व उनसे प्रेरणा लेते हुए उनके पद्द चिन्हों पर चलने का प्रण किया। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष दर्शन कोली,कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी, ओम प्रकाश दुआ, मोहम्मद आरिफ, त्रिपत पाल गंभीर,गुलशन सिन्धी,नवी अहमद मंसूरी,अक्षय बावा, धर्मेन्द्र सिन्धी,त्रिलोक खुराना,जितेन्द्र संधू,राजेन्द्र दास, मनेन्द्र सिंह,मोहम्मद ताहिर,एन यू खान, हरभजन सिंह, सुनीता कश्यप, मीना शर्मा, प्रेमा भट्ट ,बंटी पपनेजा, अशोक मित्रा, दुर्गेश गुप्ता,जीवन जोशी, सुरजीत सिंह,गुरदेव सिंह,दलजीत कक्कड़, डिम्पल सिंह,नितिन शर्मा, राजकुमार कश्यप,मन्नू बावा आदि लोग उपस्थित रहे।

# क्रिया योग आश्रम में आयोजित हुआ भंडारा

गदरपुर(उद संवाददाता)। निकटवर्ती ग्राम सन्तोष नगर में विगत 12 वर्षों में लगातार 271 भण्डारों का आयोजन किया जा चुका है।ग्राम सन्तोषनगर स्थित क्रिया योग आश्रम में जहां एक ओर श्रद्धालुओ की मन्नते पूरी हो रही है तो वही क्षेत्रवासियों



का विश्वास भी बढ़ रहा है। जिसके चलते क्रिया योग आश्रम में मां भगवती एवं भोलेनाथ के चरणों के निमित 271 भण्डारों का आयोजन किया जा चुका है। क्रिया योग आश्रम के मुख्य पुजारी एवं प्रधान सेवादार राज मंगल शर्मा विगत 12 वर्षों से आश्रम की सेवा कर रहे हैं उन्होंने बताया कि आसपास के क्षेत्रीय जनता एवं श्रद्धालुओं के विश्वास के कारण ही आज लोगों की मन्नत यहां पूरी होती है और रुके हुए काम मां भगवती और भोलेनाथ की कृपा से बन जाते हैं जिसके चलते हर वर्ष लगातार भंडारे चलते रहते हैं और आज 271 भंडारा संपूर्ण हो चुका है उन्होंने भंडारे में पहुंचे श्रद्धालुओं और धर्म प्रेमी जनता का साधुवाद किया जिन्होंने भंडारे में पहुंचकर प्रसाद ग्रहण कर हमने जीवन को धन्य बनाया। इस मौके पर रमेश चंद्र मौर्य सुरेंद्र यादव नीरज मोर्य निर्विकार मौर्य विश्वजीत सिंह संतराम संत सिंह मलके सिंह शिवम मौर्य मांगो देवी प्रियम मौर्य गोविंद धपोला सहित सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे।



# शक्तिफार्म मुख्य चौराहे पर 9 नवम्बर को होगा नेताजी बोस की मूर्ति का अनावरण

शक्ति फार्म(उद संवाददाता)। मुख्य चौराहे पर स्थापित नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी का मूर्ति का अनावरण आगामी 9 नवंबर को कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा द्वारा किया जाएगा। नगर पंचायत सभागार में 9 नवंबर के कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता शक्ति फार्म मंडल के मंडल अध्यक्ष विष्णु पद प्रामाणिक ने की। बैठक में बताया गया कि मूर्ति की ऊंचाई 11फीट 9 इंच है। मूर्ति पीतल की है। बैठक में उपस्थित लोगो में इस भव्य मूर्ति को लेकर उत्साह नजर आया। बैठक में नगर पंचायत शक्ति गढ़ के अध्यक्ष सुनील विश्वास, मंडल अधक्ष विष्णु पद प्रामाणिक, संजय बछाड़, रवि मजूमदार,मयंक अग्रवाल,मनोज सरकार, लिलिमा मजूमदार, गीता गोल दार, मीनाक्षी सरकार, मीना मजूमदार, सोना मल्लिक, विक्रम सिंह भंडारी, कार्तिक सूतार,कार्तिक रॉय , कालीपद महलदार, नारायण सरदार, गोविंद पोखरिया, सुबल विश्वास, आदि लोग मौजूद थे।



# डॉ रेखा ठाकुर को डॉ एपीजे अब्दुल कलाम 'द मिसाइल मैन' सम्मान

शक्तिफार्म (उद संवाददाता)। राधा कृष्ण इंस्टीट्यूट की संचालक डॉक्टर रेखा ठाकुर को डॉ एपीजे अब्दुल कलाम द मिसाइल मैन और अक्षय पात्र फाउंडेशन की ओर से सम्मानित किया गया है। संस्था ने उनको डॉ एपीजे अब्दुल कलाम द मिसाइलमैन सम्मान के साथ हुनर दीदी का नाम दिया है। डॉ रेखा ठाकुर को महिलाओं को डिजिटल साक्षर करने और उनका हुनरमंद बनाने के लिए यह सम्मान दिया गया है। डॉ रेखा ठाकुर को यह सम्मान पद्मश्री डॉक्टर जितेंद्र शंटी ने दिया। रेखा ठाकुर कई संस्थाओं के साथ मिलकर महिलाओं को हुनरमंद बनाने का काम कर रही है। इस मौके पर रेसलर खली तमिल अभिनेत्री प्रियंका आदि मौजूद रहे। डॉ रेखा ठाकुर को सम्मान मिलने पर जिला महिला कांग्रेस उपाध्यक्ष चरनजीत कौर, महिला कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष जानकी कोहली, बेबी नाज, शमा ने उनके कार्यालय पहुंचकर बधाई और शुभकामनाएं दी।




# नशे में वाहन चलाने पर चालक गिरफ्तार

अल्मोड़ा (उद संवाददाता)। देघाट पुलिस ने शराब पीकर वाहन चला रहे एक वाहन चालक को गिरफ्तार कर वाहन को सीज कर दिया। एसएसपी राम चन्द्र राजगुरू के निर्देश पर चलाये जा रहे अभियान के तहत थाना देघाट के उपनिरीक्षक जीवन सिंह सामंत ने पुलिस टीम के साथ चेकिंग के दौरान स्थान भाकुड़ा के पास कैंटर संख्या यूके 04सीए 8508 को रोककर चैक किया तो वाहन चालक मनोज सिंह निवासी इंद्रानगर बिंदुखत्ता, थाना लालकुआ, बिना ड्राइविंग लाइसेंस के शराब के नशे में वाहन चलाता पाया गया, जिस पर चालक को मोटर वाहन अधिनियम के तहत गिरफ्तार कर वाहन कैंटर को सीज किया गया।

# फर्राटा दौड़ में स्नेहा व अमर में मारी बाजी

## एकल अभियान खेलकूद समारोह में बच्चे दिखा रहे ताकत

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। एकल अभियान अभ्युदय यूथ क्लब द्वारा श्री मनोज सरकार स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित दो दिवसीय सम्भाग स्तरीय खेलकूद समारोह के प्रथम दिवस कल प्रदेश भर से आए सैकड़ों खिलाड़ियों ने विभिन्न एथलेटिक्स प्रतियोगिताओ में अपनी ताकत का परिचय दिया। कार्यक्रम संयोजक एवं प्रदेश खेलकूद प्रभारी भारत भूषण चुघ ने बताया कि गत दिवस खेली गई प्रतियोगिताओं में 100 मीटर दौड़ बालिक वर्ग मैं प्रथम स्नेहा बागेश्वर, द्वितीय मनीषा चंपावत, तृतीय तनुजा ऊधम सिंह नगर आई। वहीं 100 मीटर दौड़ बालक वर्ग में अमर सिंह प्रथम देहरादून से, द्वितीय अंकित राज खटीमा से, तृतीय मोहित टिहरी रहे। उन्होंने बताया कि 200 मीटर दौड़ में बालिका वर्ग में प्रीति प्रथम चंपावत से, द्वितीय अंशिका ऊधम सिंह नगर से तथा तृतीय निशा चमोली से रही। जबकि बालक वर्ग लक्ष्मण कुमार प्रथम बागेश्वर से, द्वितीय कुनाल व तृतीय नवीन गोपेश्वर चमोली से रहे। 400 मीटर दौड़ बालक वर्ग में देहरादून के प्रथम अभिषेक कुमार, उधम सिंह नगर के द्वितीय अंकित उपाध्याय अल्मोड़ा के तृतीय सूरज भाकुनी रहे। 400 मीटर दौड़ बालिका वर्ग में चंपावत की प्रियंका धोनी प्रथम, बागेश्वर की प्रियंका द्वितीय तथा खटीमा की सुनैना तृतीय रही। श्री चुघ ने बताया कि समाजसेवी हिमांशु शुक्ला ने सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उन्हें शुभकामनाएं दीं। खेलकूद समारोह के विजेताओं को गणमान्य अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा। इस मौके पर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक स्नेहपाल सिंह, राष्ट्रीय संगठन प्रभारी एकल अभियान माधवेंद्र सिंह, पवन मिगलानी, संभाग अध्यक्ष हरीश बजाज, विजय भूषण गर्ग, विनय बत्रा, बल्देवराज छाबड़ा, कुशल अग्रवाल, अंजुल त्यागी, शैली बंसल, भास्कर दास, राकेश सिंह, राजेन्द्र तुलसियान, विनोद फोगाट, हिमांशु सरकार, अतुल पांडेय, जिला क्रीड़ा प्रभारी अधिकारी हरीश राम, संजय मालवीय, प्रमोद सिंह, संजीत पटेल, अरविंद, अंकुश, कुलवीर सिंह, पूजा महर, फाल्गुनी सरकार, ममता कोरंगा, दया पांडा, मनीषा नेगी, अजीत सिंह, राज कोली, शिव कुमार शिव्वू, सुनील चुघ, मनोज ढींगरा, ओमपाल कोली आदि उपस्थित थे।





# हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के मेधावी छात्र हुए सम्मानित

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। राजेंद्र नगर में हाईस्कूल और इंटरमीडिएट में उत्तीर्ण हुए मेघावी छात्रों का सम्मान समारोह व संस्कृति संध्या का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सिटी मजिस्ट्रेट ऋचा सिंह, भाजपा नेता साकेत अग्रवाल, डॉक्टर पंकज वर्मा, समाजसेवी विपिन गुप्ता, कार्यक्रम संयोजक प्रीती आर्या, समाजसेवी पंकज कश्यप, हेमन्त साहू, नदीम खान, पूर्व ब्लॉक प्रमुख संध्या डालाकोटी श्रमजीवी पत्रकार यूनियन के अध्यक्ष योगेश शर्मा ने दीप प्रज्वलित कर संयुक्त रूप से किया। भगवान राधा कृष्ण की मनमोहक झाँकी व स्थानीय बच्चों द्वारा कुमाउँनी रंगारंग और सांस्कृतिक कार्यक्रम पर लोग जमकर झूमे। कार्यक्रम संयोजक प्रीती आर्या ने सभी बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस दौरान मुख्य अतिथि सिटी मजिस्ट्रेट ऋचा सिंह ने कहा कि सभी बच्चों को मेहनत व लगन से पढ़ाई कर प्रदेश का नाम रोशन कर दूसरे बच्चों के लिए भी प्रेरणा बनना चाहिए। इस मौके पर रुपेन्द्र नागर, नन्द किशोर जायसवाल, सुशील भट्ट, प्रमोद आर्या, पंकज जायसवाल, सुशील भट्ट, सौरभ पांडे, जीत सिंह, लोकेश साहू, पंडित हरिप्रसाद टम्टा, त्रिलोक बनोली, धर्मेन्द्र गुप्ता, राजीव जायसवाल, अंगद सिंह, हनी बिंद्रा,शरब सेठी, सेंडी सिंह सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन हेमंत साहू ने किया।सम्मानित होने वाले मेघावी बच्चों में अनुष्का सिंह, मनीष साहू, संजना मंडल, अंजली भारती, कार्तिक शर्मा, मनीष साहू, शिखा, पूजा जोशी पिंकी ठाकुर, अमीषा, अभिनव शर्मा, आयुष गुप्ता समेत तमाम बच्चों को मैडल पहनाकर तथा सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया।



# डॉ.भारत पांडेय 'सर्वश्रेष्ठ शिक्षाविद' पुरस्कार से सम्मानित

रूद्रपुर(उद संवाददाता)।सरदार भगत सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रुद्रपुर में रसायन विज्ञान विभाग में सहायक प्राध्यापक के पद पर कार्यरत डॉ. भारत पांडेय को 28-10-2022 को भारत सरकार द्वारा प्रमाणित औद्योगिक विकास, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय के रजिस्टर्ड संगठन 'रेसटेकस्किल्स सोसायटी रिसर्च सोसायटी फॉर टेक्निकल स्किल्स' द्वारा विज्ञान शिक्षक डॉ. भारत पांडेय को 'सर्वश्रेष्ठ शिक्षाविद' पुरस्कार 2023 के लिए सम्मानित किया गया है। डॉ. भारत के अद्वितीय समर्पण और नवाचारी शिक्षा द्वारा छात्रों को प्रेरित करने के लिए उनके प्रयास शिक्षा के लिए एक उच्च मानक स्थापित करते हैं, छात्रों को उत्कृष्टता का प्रोत्साहन देते हैं और पीढ़ीवर्गों के लिए एक स्थायी सकारात्मक प्रभाव छोड़ते हैं। रेसटेकस्किल्स सोसायटी के संस्थापक और सीईओ डॉ अभिषेक मेहता द्वारा इस गौरवांवित पुरस्कार को प्रदान किया गया है। डॉ. भारत पांडेय ने विज्ञान प्रसार गतिविधियों का भी आयोजन किया है और कोविड-19 के दौरान उत्तराखंड में छात्रों के लिए रासायनिक विज्ञान के लिए पहला वर्चुअल लैब विकसित किया है। उन्हें भारत से शीर्ष बीस वैज्ञानिकों में भी चुना गया है। उन्हें शैक्षिक उत्कृष्टता पुरस्कार का भी सम्मान प्राप्त हुआ है, इसके अलावा उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय और राष्ट्रीय सम्मेलनों में पेपर प्रस्तुत किये है तथा अनेक शोध पत्र विभिन्न जर्नल्स आदि मे प्रकाशित है।



# गदरपुर-दिनेशपुर- मटकोटा मार्ग को गड्ढा मुक्त करने के दिए निर्देश

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। केंद्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्य मंत्री व नैनीताल उधम सिंह नगर संसदीय क्षेत्र से सांसद अजय भट्ट ने जिलाधिकारी उधम सिंह नगर को गदरपुर-दिनेशपुर- मटकोटा मार्ग को गड्ढा मुक्त करने के निर्देश दिए हैं। केंद्रीय मंत्री अजय भट्ट ने जिलाधिकारी उधम सिंह नगर को पत्र लिखकर कहा है कि जनपद ऊधमसिंहनगर के अन्तर्गत गदरपुर-दिनेशपुर-मटकोटा मार्ग पर बहुत बड़े-बड़े गड्ढे हो गए है। दिनेशपुर से मटकोटा तक का सफर एक बार फिर जी का जंजाल बन चुका है, जहां एक ओर लोगों को आवागमन में भारी कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है, तो दूसरी ओर जान-माल का भी नुकसान उठाना पड़ रहा है। अब तक सड़क दुर्घटना में कई जान जा चुकी है, जो कि गंभीर विषय है। क्षेत्रीय जनता द्वारा उपरोक्त मार्ग को तत्काल गड्ढामुक्त किये जाने हेतु निवेदन किया है, यदि शीघ्र ही इसका पुनर्निर्माण कार्य प्रारम्भ नहीं हुआ तो उनके द्वारा आंदोलन करने की चेतावनी दी है, जो कि चिन्ता का विषय है । यह भी समरणीय हैं कि मुख्यमंत्री के द्वारा उत्तराखण्ड राज्य की सभी सड़कों को गड्ढामुक्त करने के लिए कहा गया है। लिहाजा तत्काल उपरोक्त मार्ग का पुनर्निर्माण / गड्ढामुक्त करना सुनिश्तिच किया जाना आवश्यक है।



# अध्यक्ष पद के लिए कार्तिक एबीवीपी के अधिकृत प्रत्याशी

हल्दुचौड़(उद संवाददाता)।छात्रसंघ चुनाव की सरगर्मियां तेज हो गयी हैं। लगातार महाविद्यालयो में अपने अधिकृत प्रत्याशियों की घोषणा के बाद एबीवीपी ने लाल बहादुर शास्त्री राजकीय महाविद्यालय में अपने अधिकृत प्रत्याशियों की घोषणा की है। एबीवीपी ने अध्यक्ष पद के लिए कार्तिक रजवार को अपना प्रत्याशी घोषित किया है। वर्षो से महाविद्यालय में संघर्ष कर रहे कार्तिक रजवार के सामने एनएसयूआई भी मजबूत प्रत्याशी उतारने की तैयारी कर रही है। एबीवीपी अधि



कृत प्रत्याशी की घोषणा नगर मंत्री एबीवीपी आदर्श राय द्वारा की गई । इस दौरान पूर्व छात्र संघ कोषाध्यक्ष मुकेश जोशी, उपाध्यक्ष भगत सिंह दरियाल, रोहन कपकोटी, अनिल बेलवाल, सचिन दुमका आदि दर्जनों लोग मौजूद रहे। अध्यक्ष पद के लिए प्रत्याशी घोषित किये गये कार्तिक रजवार ने कहा कि निरंतर छात्र-छात्राओं की आवाज महाविद्यालय विश्वविद्यालय व सरकार तक पहुंच जाती आया हूं वह आगे भी संघर्ष करता रहूंगा । संगठन का बहुत-बहुत आभार कि मुझ पर विश्वास जताया में अध्यक्ष पद पर जीत कर महाविद्यालय में बेहतर सुविधाओं व छात्र-छात्राओं के भविष्य को उज्जवल करने के लिए कार्य करूंगा।

# पाप, ताप और दीनता को नष्ट कर देता है सत्पुरुषों के संग

गदरपुर (उद संवाददाता)।श्री सनातन धर्म मंदिर बुध बाजार गदरपुर में कार्तिक मास की कथा के चतुर्थ दिवस की कथा करते हुए कथावाचक पंडित विजय कुमार शास्त्री जी ने कहा कि सत्पुरुषों का संग अति पवित्र होता है और संसार के पापों के भय को दूर कर देता है, कामना वालों की कामना पूरी करता है, श्री गंगा जी पापों



को नष्ट कर देती हैं, कल्पवृक्ष दरिद्रता दूर कर देता है, चंद्रमा ताप को दूर कर देता है,परंतु सत्पुरुषों का संग पाप, ताप और दीनता तीनों को नष्ट कर देता है । प्रसाद की सेवा वरिष्ठ समाजसेवी सुरेंद्र कुमार ग्रोवर एवं श्रीमति पूनम ग्रोवर के परिवार द्वारा दी गयी। इस दौरान वेदराज बजाज, सुरेंद्र बजाज, कृष्ण बत्रा, सोमनाथ, राजमणि, गोपाल सक्सेना, किशन चुघ, जगमोहन बजाज, ज्योति छाबड़ा, योजना सिंह, लक्ष्मी चौहान, सुनीता बजाज, उषा बजाज, राधा बजाज सहित काफी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

# न्यायिक अधिकारियों का किया स्थानांतरण

नैनीताल(उद संवाददाता)। नैनीताल हाई कोर्ट में कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी के कार्यभार संभालने के बाद पहली बार न्यायिक अधिकारियों के स्थानांतरण हुए हैं। पौड़ी गढ़वाल के जिला जज आशीष नैथानी अब हाई कोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल होंगे। जबकि रजिस्ट्रार जनरल अनुज कुमार संगल को जिला एवं सत्र न्यायाधीश रुद्रप्रयाग बनाया गया है। रजिस्ट्रार न्यायिक की ओर से जारी सूची के अनुसार अल्मोड़ा के जिला जज कौशल किशोर शुक्ला को हाई कोर्ट में रजिस्ट्रार विजिलेंस बनाया गया है। अब तक यह चार्ज रजिस्ट्रार जनरल के पास था। जिला एवं सत्र न्यायाधीश रुद्रप्रयाग शशांक पांडे को जिला एवं सत्र न्यायाधीश अल्मोड़ा बनाया गया है। एडीजे प्रथम नैनीताल अजय चौधरी को जिला एवं सत्र न्यायाधीश पौड़ी गढ़वाल, विकास नगर के एडीजे राहुल गर्ग को एडीजे नैनीताल, हाई कोर्ट में रजिस्ट्रार इंस्पेक्शन नीना अग्रवाल को परिवार न्यायाधीश अल्मोड़ा बनाया गया है। द्वितीय एडीजे नैनीताल प्रीतू शर्मा को एडीजे विकास नगर तथा अल्मोड़ा की परिवार न्यायाधीश पारुल गैरोला को अल्मोड़ा में एडीजे के रिक्त पद पर भेजा गया है।

# सरदार पटेल को याद किया

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।लोहपुरुष पूर्व गृह मंत्री सरदार बल्लभ भाई पटेल जी की जयंती पर आवास विकास स्थित उनकी मूर्ति पर भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण किया। प्रदेश मंत्री विकास शर्मा ने कहा कि 550 से अधिक रियासतों का विलय सरदार बल्लभ भाई पटेल ने भारत के साथ किया था जब देश आजाद हुआ तो सभी लोग सरदार बल्लभ भाई पटेल को देश का प्रधानमंत्री बनना चाहते थे लेकिन कुछ देश विरोधी ताकतों ने उन्हें देश का प्रधानमंत्री नहीं बनने दिया जिसकी वजह से भारत और पाकिस्तान के दो टुकड़े हो गए। विकास शर्मा ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात के अंदर विश्व की सबसे बड़ी प्रतिमा सरदार बल्लभ भाई पटेल जी की बनाई है। उन्होंने कहा कि आज की युवा पीढ़ी को भी सरदार बल्लभ भाई पटेल जी के जीवन का अनुसरण करना चाहिए। विकास शर्मा ने कहा कि जल्दी ही रुद्रपुर के अंदर एक सरदार बल्लभ भाई पटेल जी के नाम से द्वार और एक बड़ी मूर्ति भी लगाई जाएगी। इस दौरान भाजपा नेता नरेश उप्रेती पार्षद राजेश जगा दर्शन लाल अरोड़ा केपी गंगवार आदि लोग उपस्थित थे।




# राज्यपाल ने दी राष्ट्रीय एकता दिवस की बधाई

देहरादून(उद संवाददाता)।सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयन्ती पर उन्हें स्मरण करते हुए राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने कहा कि वे राष्ट्रीय एकता के प्रणेता थे। भारत की बहुत सी छोटी बड़ी देशी रियासतों को भारतीय गणराज्य में मिलाने का कार्य सरदार पटेल के प्रयासों से ही संभव हो सका। राज्यपाल ने कहा कि एक भारत-श्रेष्ठ भारतश के निर्माण में लौहपुरुष सरदार पटेल का योगदान व देश की एकता,अखंडता और संप्रभुता की रक्षा करने का संकल्प हमें सदैव प्रेरित करते रहेंगे। वहीं राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने हरिद्वार जिले की मंगलौर विधानसभा से विधायक श्री सरवत करीम अंसारी के निधन पर शोक व्यक्त किया है।

# अमृत कलश में अमर शहीदों की जन्मभूमि की मिट्टी को पहुंचाया राष्ट्रीय शहीद स्मारक

## कर्तव्यपथ पर उत्तराखंड के सांसदों ने अमृत कलश की मिट्टी और चावलो को विशाल अमृत कलश में किया मिश्रित





नई दिल्ली(उद ब्यूरो)।"मेरी माटी मेरा देश" अभियान के अन्तर्गत उत्तराखण्ड से भेजे गए अमृत कलश यात्रा और अमृत महोत्सव समापन समारोह पर राज्य का नेतृत्व सांसद श्रीमती माला राज्य लक्ष्मी शाह,श्री अजय टम्टा, श्री तीरथ सिंह रावत द्वारा किया गया। सांसदों एवं स्वयंसेवकों द्वारा कर्तव्यपथ पर अमृत कलश के मिट्टी और चावलो को विशाल अमृत कलश में मिश्रित किया गया। उसके उपरान्त कर्तव्यपथ पर राज्यों की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया। पीएम नरेंद्र मोदी के देशव्यापी आह्वान पर देशभर के अमर शहीदों के जन्मभूमि की मिट्टी को राष्ट्रीय शहीद स्मारक में अमृत वाटिका बनायी जायेगी। विभिन्न राज्यों के अमर शहीदों के आंगन की इस पवित्र माटी को एकत्र कर बनने वाली यह अमृत वाटिका भारतीय सेना के जवानों की शौर्यगाथा में ऐतिहासिक प्रतीक बनेगी। इस अवसर पर उत्तराखण्ड के सांसदो ने कहा कि उत्तराखंड सैनिक बाहुल्य प्रदेश है ऐसे में जिस तरह से प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा वीरों और शहीदों का सम्मान किया जा रहा है वो बहुत बड़ा कदम है। कर्तव्यपथ पर आयोजित ''मेरी माटी मेरा देश'' अभियान के समापन समारोह को प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा संबोधित किया जाएगा। यह कलश यात्रा अमर शहीदों के त्याग एवं बलिदान को याद रखने के उद्देश्य से संपूर्ण देशभर में "मेरी माटी मेरा देश'' महाभियान के अंतर्गत चलाई गइ। इस यात्रा के तहत अमर शहीदों की जन्मभूमि की मिट्टी को अमृत कलश में दिल्ली स्थित राष्ट्रीय शहीद स्मारक तक पहुंचाया गया है। बीते शनिवार को मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी की उपस्थिति में हिमालयन संस्कृति केन्द्र, निम्बूवाला गढ़ी कैंट में 'मेरी माटी मेरा देश' कार्यक्रम के अन्तर्गत राज्य स्तरीय 'अमृत कलश यात्रा' का आयोजन किया गया था।

# खाटू श्याम सकीर्तन में भजनों की धूम





गदरपुर (उद संवाददाता)। निकटवर्ती ग्राम सरदारनगर में श्री खाटू श्याम सेवा समिति के तत्वधान में बाबा श्याम का प्रथम विशाल सकीर्तन का आयोजन धूमधाम से किया गया जहाँ क्षेत्र भर के सैकड़ो श्याम प्रेमियों ने माथा टेक बाबा श्याम के दर्शन किये। बाबा श्याम के प्रथम संकीर्तन में भजन प्रवाहक के रूप में सर्वप्रथम क्षेत्र के विख्यात भजन प्रवाहक एवं श्री बाला जी मण्डल के महंत जितेन्द्र दुबे द्वारा श्याम सकीर्तन का गणेश वंदना के साथ आगाज किया गया। ततपश्चात हनुमान चालीसा एवं भजनों की मधुर माला के साथ बाबा का गुणगान किया गया। महंत जितेंद्र दुबे द्वारा सर्वप्रथम बाला जी महाराज के चरणों मे हाजरी लगाते हुए बालाजी मने थारो भजन से शुरवात की तत्पश्चात साथी हमारा कौन बनेगा तुम ना सुनोगे तो कौन सुनेगा, खाटू वाले श्याम जी कमाल हो गया बंदा तेरा बाबा मालामाल हो गया, रिंग्स की मोड पर, मन चल वृंदावन धाम, बचपन का प्यार कहीं भूल नहीं जाना रे खाटू वाले सांवरे हो गए तेरे बावरे, आदि भजनों से श्याम प्रेमियों को मंत्र मुग्ध एवं नाचे झूलने पर मजबूर कर दिया तत्पश्चात काशीपुर से आई भजन प्रवाहक वंशिका गुप्ता ने भी मधुर मधुर भजनों पर बाबा को रिझाते हुए भक्तों को मंत्र मुक्त कर दिया।सालासर के बाला जी,होली खेले मसाने में , श्याम नाम की माला जपेगा कोई दिलवाला सहित आदि भजनों पर जमकर श्याम प्रेमियों को नचाया। बाजपुर के निवासी एवं श्याम जगत के विख्यात म्यूजिशियन कुनाल एंड ग्रुप ने भी जमकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए अत्यंत सुंदर प्रस्तुति दी। सकीर्तन में आये सभी श्याम प्रेमियों ने म्यूजिशियन की हौसला बढ़ाने के लिए तालिया बजाकर बाबा की जय जय कार की। श्री खाटू श्याम सेवा समिति के प्रधान सेवादार राजीव कुशवाहा ने संकीर्तन में आए समस्त श्याम प्रेमियों का धन्यवाद अर्पित करते हुए आभार प्रकट किया साथ ही आए अतिथियों और भजन प्रवाह को स्मृति चिन्ह बैठकर उन्हें सम्मानित किया। इस मौके पर ग्राम प्रधान चंदर खेड़ा, युवा भाजपा नेता अतुल पांडे अंकित खेड़ा, मनोज गिरी, गुड्डू कुशवाहा, संत गिरी, दीपक कुशवाहा, बलराम, सागर आयुष, कुशवाहा रचित कुशवाहा, आकाश चौहान, महेंद्र पाल सैनी, हरिओम कश्यप विक्रम, कुशवाहा प्रवीण, कुशवाहा पुष्पेंद्र सैनी, नरवीर कुशवाहा, राखी तोमर रोहन ,कुशवाहा बाबू, सागर, अर्जुन, कुशवाहा सुनील कुमार, अंकित कुशवाहा, अमित कश्यप, अरुण सैनी, अरविंद कुशवाहा, सुखबीर सागर, राम जीत कुशवाह सहित सैकड़ो की संख्या में श्याम प्रेमी मौजूद रहे।



# उत्तराखंड में कर्मचारियों को मिलेगा पुरानी पेंशन का लाभ,संगठनों ने जताया आभार

## राज्य में एक अक्तूबर 2005 से पहले हुई भर्ती में 67,557 सेवारत कर्मचारियों को मिलेगा विकल्प

देहरादून। उत्तराखंड के 6000 से अधिक कर्मचारियों को सरकार पुरानी पेंशन की सौगात देगी। सोमवार को हुई



कैबिनेट की बैठक में इस पर मुहर लग गई। इसके तहत राज्य में एक अक्तूबर 2005 से पहले जिनकी भर्ती के विज्ञापन, अधिसूचना जारी हो चुकी है, वे पुरानी पेंशन का लाभ ले सकते हैं। केंद्र सरकार ने मार्च माह में कटऑफ डेट तक भर्तियों के विज्ञापन से चुने गए कर्मचारियों को नई के बजाए पुरानी पेंशन का लाभ दिया है। इसी के आधार पर राज्य सरकार ने भी निर्णय लिया है। इसके तहत राज्य में एक अक्तूबर 2005 को नई पेंशन योजना लागू हुई थी। इससे पहले जितने भी विज्ञापन निकले होंगे, उनसे नौकरी पाने वाले करीब 6000 कर्मचारियों को सरकार पुरानी पेंशन योजना में शामिल होने का विकल्प देगी। प्रदेश में 67,557 सेवारत कर्मचारी ऐसे हैं जो पुरानी पेंशन के अंतर्गत आते हैं। 1,35,556 पेंशनर पर सरकार हर साल 6000 करोड़ खर्च कर रही है। 90,247 सेवारत कर्मचारी ऐसे हैं जो नई पेंशन योजना के दायरे में आते हैं। इन पर सरकार सालाना 815 करोड़ खर्च कर रही है। नई पेंशन योजना के दायरे में आने वाले 4342 कर्मचारी अभी तक सेवानिवृत्त हो चुके हैं। कर्मचारियों को पुरानी पेंशन बहाली की सौगात देने के कैबिनेट के फैसले का पुरानी पेंशन की लड़ाई लड़ रहे संगठनों ने स्वागत किया है। सचिवालय को छोड़कर प्रदेश के विभागों में तैनात करीब 35 हजार चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को हर वर्ष 2400 रुपये वर्दी भत्ता मिलेगा। अभी तक दो साल में पैंट, कमीज व अन्य अलग-अलग मदों में 4000 रुपये वर्दी भत्ता मिल रहा था। कैबिनेट ने प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। वित्त सेवा के अधिकारियों की वेतन विसंगति दूरवित्त सेवा में 5400 वेतनमान पर पांच साल पूरे करने वाले वित्त अधिकारी 7600 वेतनमान के योग्य होंगे यदि उन्होंने 6600 वेतनमान दो साल पूरे किए और जिनकी कुल 12 साल की सेवा हो गई है। इसी तरह 7600 वेतनमान पर एक साल पूरा करने और कुल 20 साल की सेवा पूरी करने वाले अधिकारी 8600 वेतनमान के हकदार हो सकेंगे। कैबिनेट ने इस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। कैबिनेट ने राज्य कर विभाग में अपर आयुक्त के पद पर अन्य सेवाओं के अधिकारियों को भी मान्यता दे दी है। अभी तक यह पद पीसीएस अधिकारी के लिए था। अब कस्टम अधिकारी की भी इस पद पर प्रतिनियुक्ति हो सकती है। इसके अलावा आईएस, वरिष्ठ पीसीएस अधिखारी व आईआरएस सेवा के अधिकारी को भी इस पद पर तैनात किया जा सकता है। चालक से लिपिक बनने के लिए टाइपिंग टेस्ट में छूट मिलेगी। प्रदेश मंत्रिमंडल ने चालकों के पांच प्रतिशत पदोन्नति कोटे को भरने के लिए टाइपिंग परीक्षा में 4000 अक्षर की प्रति घंटा से घटाकर 2400 प्रति घंटा करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। इससे चालकों की पदोन्नति की राह आसान हो सकेगी।

# जिलों द्वारा प्रत्येक बिंदु पर एक नोडल अधिकारी तैनात किया जाए

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्य सचिव डॉ. एस.एस. संधु ने सोमवार को सचिवालय में 30 सूत्री कार्यक्रम के क्रियान्वयन की प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान मुख्य सचिव ने कहा कि जिलों द्वारा प्रत्येक बिंदु पर एक नोडल अधिकारी तैनात किया जाए। उन्होंने कहा कि नोडल अधिकारियों को दिए गए बिंदु की प्रगति की जिम्मेदारी तय की जाए। जनपदों द्वारा इन 30 बिंदुओं पर लक्ष्य निर्धारित कर प्रतिदिन अपलोड किया जाए। यह एक डायनामिक पोर्टल है इसपर अपनी प्रगति के अनुरूप एक दिन में कई बार डाटा अपडेट किया जा सकेगा। मुख्य सचिव ने जनपदों से पोर्टल से सम्बन्धित मुद्दों पर सुधार के लिए भी सुझाव मांगे। उन्होंने कहा कि जनपदों को



जो भी समस्याएं आ रही है उन्हें शीघ्र ठीक किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिलाधिकारियों को अपने अधीन कार्य कर रहे कर्मियों के कार्यों को सरल बनाए जाने पर भी ध्यान देना होगा। सरकारी जमीनों में अतिक्रमण, 100 प्रतिशत सेग्रिगेशन एट सोर्स करने पर ध्यान दिए जाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि स्प्रिंग एंड रिवर रिजूविनेशन अथॉरिटी (सारा) को कैबिनेट ने मंजूरी दे दी है। इसके तहत प्रदेश में नदियों और जलस्रोतों के संरक्षण के लिए चेक डैम अधिक से अधिक संख्या में बनाए जाने हैं। इस अवसर पर अपर सचिव श्री विजय कुमार जोगदाण्डे एवं निदेशक आईटीडीए श्रीमती वसुंधरा नितिका खण्डेलवाल सहित वीडियों कान्फोंसिंग के माध्यम से जिलाधिकारी उपस्थित थे।

# डॉक्टर बनाने के नाम पर करोड़ों की ठगी

## नीट में असफल हुए छात्रों को दिया डॉक्टर बनने का झांसा,रातों-रात सामना समेटकर आरोपी फरार

देहरादून। सरकारी मेडिकल कॉलेजों में एमबीबीएस में दाखिला दिलाने के नाम पर नीट में असफल हुए छात्रों के साथ करोड़ों की ठगी का मामला सामने आया है। प्रकरण में अभी तक फिलहाल चार आरोपितों का नाम सामने आया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार 25 अक्टूबर को 13 युवतियों ने शिकायती पत्र देकर बताया कि विनायक समेत चार व्यक्तियों ने जीएमएस रोड पर एक्सीलेंट एजुकेशन नाम से कोचिंग इंस्टीट्यूट खोला हुआ था। आरोपित नीट में असफल हुए छात्रों को फंसाते थे। अभी तक इस प्रकरण में 50 से ज्यादा पीड़ित सामने आ चुके हैं। जिनसे दाखिले के नाम पर ढाई से तीन लाख रुपए लिए गए थे। बताया जा रहा है इंस्टीट्यूट में रखे स्टाफ को भी आरोपितों ने कई महीनों से वेतन नहीं दिया था। ठगी का शिकार छात्रों और इंस्टिट्यूट में काम करने वाले स्टाफ पटेलनगर कोतवाली में तहरीर दी है। तहरीर में उन्होंने बताया कि आरोपितों ने फर्जी दस्तावेजों से इंस्टीट्यूट के लिए भवन किराये पर लिया था और उसका भी किराया नहीं चुकाया है। आरोपियों ने इंस्टिट्यूट 18 से 24 अक्टूबर तक दशहरा की छुट्टी के चलते बंद किया हुआ था। इस बीच आरोपित रातों-रात अपना सामान समेटकर फरार हो गए। मामले को लेकर 28 अक्टूबर को केके राय निवासी गाजीपुर ने आरोपितों के खिलाफ तहरीर दी थी। केके राय ने बताया कि उनके भतीजे मुकेश ने एमबीबीएस में दाखिले के लिए नीट दिया था।लेकिन मुकेश चार नंबर से चूक गया। जुलाई में विनायक और उसके साथियों ने केके राय से संपर्क किया और बताया कि वह स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार के लिए भी काम करते हैं। उन्होंने बताया कि जो छात्र नीट में बेहद कम नंबर से चूक जाते हैं। वह उन्हें भारत सरकार के विशेष कोटे के तहत मेडिकल कालेजों में दाखिला दिलाते हैं। आरोपियों ने उनसे 50 हजार रुपए का बैंक ड्राफ्ट स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार के नाम से बनवाया। बैंक ड्राफ्ट भारत सरकार के नाम से होने के कारण वो उनके झांसे में आ गए। आरोपियों ने उनसे एमबीबीएस में दाखिले की फीस 35 लाख रुपए बताई और 2.60 लाख रुपये टोकन मनी के रूप में जमा करा दी। बाद में आरोपियों ने उनसे पांच लाख रुपए और मांगे। शनिवार को केके राय आरोपितों से मुलाकात करने देहरादून पहुंचे। लेकिन कोचिंग इंस्टीट्यूट पर ताला लटका देख उन्हें ठगी होने का अंदेशा हुआ। पुलिस के अनुसार अब तक की जांच में सामने आया कि आरोपितों ने इसी तरह 50 से अधिक छात्रों को शिकार बनाया हुआ था। पीड़ित छात्र अलग-अलग राज्यों के हैं। पटेलनगर कोतवाली के अंतर्गत बाजार चौकी इंचार्ज सनोज कुमार ने बताया कि जांच में सामने आया कि आरोपितों के आधार कार्ड दिल्ली के हैं। जबकि बैंक खाता उन्होंने इंस्टीट्यूट के पते पर खोल रखा था। मकान मालिक से भी आरोपितों के बारे में पूछताछ की जा रही है। अभी पीड़ित छात्रों के बढ़ने की उम्मीद है।

# बॉलीवुड अभिनेत्री सारा अली खान ने शेयर की यात्रा की तस्वीरें

रूद्रप्रयाग। बॉलीवुड अभिनेत्री सारा अली खान एक टैलेंटेड एक्ट्रेस है। सारा ने कई फिल्में में अभिनय कर फैंस का दिल जीता है। इसके अलावा वो अपने फैंस से जुड़ें रहने के लिए सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर भी एक्टिव रहती है। सारा को घूमना बहुत पसंद है। अक्सर अभिनेत्री अपने फैंस के साथ अपनी ट्रैवलिंग की फोटोज और वीडियोस शेयर करती रहती है। हाल ही में अभिनेत्री केदारनाथ



के दर्शन करने उत्तराखंड पहुंची थी। ऐसे में अब एक बार फिर अभिनेत्री केदारनाथ के दर्शन करने पहुंची है। बीते दिनों अभिनेत्री एक बार फिर केदारनाथ पहुंची ऐसे में उन्होंने अपनी केदारनाथ की यात्रा की तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर की। वीडियो में वो एक कोने से निकलकर दूसरे कोने में जाती हुई दिखाई दे रही है। इसके अलावा वो लोकल में साग बनती हुई भी नजर आ रही है। इसके साथ उन्होंने ध्यान लगाया और साधु संतों से आशीर्वाद भी लिया। इस वीडियो में उन्होंने अपनी फिल्म 'केदारनाथ' का सॉन्ग काफीराना लगाया हुआ है। जल्द ही सारा अली खान अनुराग बसु के डायरेक्शन में बन रही फिल्म "मेट्रो इन दिनों" में दिखाई देंगी। इसके अलावा अभिनेत्री वेब सीरीज "ए वतन मेरे वतन" में भी अभिनय करती नजर आएंगी। इस सीरीज में अभिनेत्री स्वतंत्रता सेनानी ऊषा मेहता के किरदार में दिखाई देंगी।

## पेज एक का शेष...

**पटेल जयंती पर...**और कूटनीतिक कौशल से भारत में मिला दिया था। इसी वजह से महात्मा गांधी ने उन्हें लौहपुरुष की उपाधि प्रदान की थी। उनके द्वारा चलाये गये बारदोली आंदोलन के आगे सरकार को झुकना पड़ा और किसानों पर लगाया गया टैक्स घटना पड़ा। इस आंदोलन के बाद वल्लभभाई पटेल को सरदार की उपाधि दी गयी । मेयर ने कहा सरदार पटेल सभी के आदर्श हैं। उनका जीवन सदैव देश के लिए समर्पित रहा। सरदार पटेल का ही विजन था कि भारतीय प्रशासनिक सेवाएं देश को एक रखने में अहम भूमिका निभाएंगी। उन्होंने इन प्रशासनिक सेवाओं को मजबूत करने के लिए भी जोर दिया था। उन्होंने आजाद भारत को एक विशाल राष्ट्र बनाने के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया था। इस अवसर पर भारत भूषण चुघ ने कहा कि सरदार बल्लभ भाई पटेल ने हमेशा राष्ट्रीय एकता को प्रमुखता दी। उनका कहना था राष्ट्रीय एकता से ही देश विकास की ओर तेजी से बढ़ सकता है और आपस में मिलकर हर मुश्किल को आसान बनाया जा सकता है। श्री चुघ ने सभी कार्यकर्ताओं से सरदार बल्लभ भाई पटेल के आदर्शों का अनुसरण करने का आह्वान किया। इस अवसर पर मुख्य नगर आयुक्त नरेश चंद्र दुर्गापाल,सहायक नगर आयुक्त राजू नबियाल, कपूर सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता उत्तम दत्ता, भारत भूषण चुघ, मंडल अध्यक्ष धीरेश गुप्ता, पार्षद सुशील चौहान, विधान राय, भुवन गुप्ता, डॉ राकेश सिंह, सुनील कुमार, राजेश जग्गा, विनय विश्वास, प्रेमपाल गंगवार, कृष्ण पाल गंगवार, रामधारी गंगवार, मदन दिवाकर, राजेंद्र राठौड़, रामावतार शर्मा, नरेश उप्रेती,ओमप्रकाश गंगवार,बॉबी गंगवार, महेश गंगवार, सतपाल गंगवार, दीपक गंगवार, दुष्यंत गंगवार, विशाल गंगवार, अभिषेक गंगवार, गजेंद्र गंगवार, मनु देव गंगवार, दिनेश गंगवार, मनोज गंगवार, चौबे लाल गंगवार, प्रकाश गंगवार, हीरालाल गंगवार, सतीश गंगवार, सरोज चौहान, छत्रपाल राठौर, गणपत सैनी, राजेंद्र राठौड़, कुलदीप खुराना, चंद्रपाल कोहली,किशन कोली, अशोक गंगवार विवेक गंगवार कमल गंगवार अवधेश रस्तोगी, शिवकुमार शिबू समेत सैकड़ो लोग मौजूद रहे ।

**भ्रष्ट अधिकारी सीएम को ...**इधर से उधर ले जा रहे हैं। उन्होंने प्राधिकरण पर भी हमला बोलते हुए कहा कि विकास प्राधिकरण के आला अफसर रात को घूमते हैं और अवैध कॉलोनी वालों से मिली भगत करते रहते हैं। इससे पूर्व उन्होंने कहा कि चुनाव से पहले ही उनका स्वास्थ्य खराब चल रहा था जिस वजह से वह आम जनता को समय नहीं दे पा रहे थे। किंतु अब उनका स्वास्थ्य एकदम सही हो गया है ।उनका लक्ष्य नगर का विकास करना है। विकास के कार्य जो रुक गए हैं उन्हें पटरी पर लाना है। उन्होंने कहा कि उनके 10 ड्रीम प्रोजेक्ट हैं जिनकी संपूर्ण तैयारी कर ली गई है । सरकार से इन ड्रीम प्रोजेक्ट की मंजूरी मिलना प्रारंभ हो गई है। जिसमें पहले ड्रीम प्रोजेक्ट शहर की मुख्य चौराहों पर स्वागत गेट डबल लाइन वाले बनाने के साथ-साथ नगर के अंदर डिवाइडरों का सौंदर्यीकरण तथा राजकीय इंटर कॉलेज की स्थापना मुख्य है। उन्होंने कहा कि नगर के बीचों-बीच बहने वाली लेफ्ट पाहा नहर के कवरिंग का कार्य मुख्यमंत्री ने उनके आग्रह पर 4.5किलोमीटर कर दिया है जिससे नगर में एक नई बाजार की उत्पत्ति होगी। उन्होंने कहा कि पूर्व में उनके कार्यकाल के दौरान किच्छा नगर का सर्वांगीण विकास नहीं हो पाया था जिसे अब पूर्ण करने का प्रयास कर रहे हैं। धान खरीद प्रकरण में भी हमलावर होते हुए विधायक तिलकराज बेहड़ ने कहा कि मंडी समिति की आला अधिकारियों की शह पर प्रत्येक कांटे पर राइस मिल मालिकों से 40 प्रति क्विंटल के हिसाब से अतिरिक्त पैसे की मांग की जा रही है। जिसमें आईएफसी एफसीआई एवं संबंधित विभाग के आला अधिकारी चुप्पी साधके बैठे हैं उन्होंने कहा कि उनके ड्रीम प्रोजेक्ट में नया इंटर कॉलेज सम्मिलित है किंतु शिक्षा विभाग उच्चीकरण किए जाने की बात कर रहा है ।जबकि उनके द्वारा शासन से नया इंटर कॉलेज बनाए जाने की मांग की गई थी ।उन्होंने आगे कहा कि नगर के लिए उनके द्वारा खेल स्टेडियम की मांग सरकार से की गई किंतु अभी तक प्रशासन ने खेल स्टेडियम के लिए भूमि चयनित करके करके उपलब्ध नहीं कराई है। उन्होंने कहा कि यह प्रथम बार है जब राइस मिल मालिकों से पैसे की मांग की जा रही है। उन्होंने कहा कि उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय एनडी तिवारी के समय भ्रष्टाचार का नाम लेने पर अधिकारियों पर तुरंत कार्यवाही की जाती थी किंतु वर्तमान में ऐसा कुछ भी होता दिखाई नहीं दे रहा है। इस अवसर पर मुख्य रूप से कांग्रेस कमेटी के नगर अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ,ओमप्रकाश दुआ, पालिका अध्यक्ष दर्शन सिंह कोहली, महिला कांग्रेस कमेटी का नेत्री सुनीता कश्यप उपस्थित थी।

**विदेश भेजने के नाम पर..**को एक लाख रूपये खुशवन्त सिंह के खाते में ऑन लाईन ट्रान्सफर किये गये। 17अगस्त 2022 को 4 लाख रुपये नकद उक्त तीनों को वरार ओवरसीज के आफिस में जाकर दिये गये। आरोप है कि पुत्र इन्द्रजीत सिंह के क्रेडिट कार्ड का दुरूपयोग कर कुछ रकम निकाल ली और पुत्र इन्द्रजीत सिंह से कुछ ब्लैक चैक पर साईन करवाकर भी अपने पास रख लिए । उसे पूर्ण आश्वासन दिया कि सितम्बर 2022 में इन्द्रजीत को इग्लैण्ड भेज दिया जायेगा । उक्त तीनो द्वारा फर्जी कागज ऑफर लेटर एवं सीएएस लेटर दिये जाने एवं लगाये जाने के कारण पुत्र का वीजा नहीं आया। जब उसने तीनों से उनके आफिस में जाकर बात की और अपने पुत्र को इंग्लैण्ड भेज दिये जाने हेतु दिये गये 14 लाख 20 हजार रुपये की मांग की गई तो वापिस नहीं दिया और धमकी दे रहे है कि ज्यादा परेशान करोगे तो जान से मार दूगां। पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर आरोपियों के विरूद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी हें

**दो अग्निकांड में...**लोगों ने किसी तरह बाहर निकालकर जान बचाई। आग लगने से पूरे इलाके में हड़कम्प मच गया। सूचना पर पुलिस और दमकल विभाग की टीम दो दमकल वाहनों के साथ मौके पर पहुंच गयी। कड़ी मशक्कत के बाद दमकल कर्मियों ने आग को काबू किया। अग्निकाण्ड में लाखों की क्षति का अनुमान है। ईश्वर कालोनी में आग अभी पूरी तरह बुझ भी नहीं पाई थी कि इसी बीच मुख्य बाजार स्थित भल्ला मेडिकल गली में बेकरी अनेजा बेकरी के स्वामी राजा अनेजा तीसरे तल पर स्थित आवास में आग लगने की सूचना से हड़कम्प मच गया। दमकल की टीमें मौके पर पहुंची और आग को काबू किया। दोनों अग्निकाण्डों में लाखों की क्षति का अनुमान है। आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है।

**बेकाबू बस से ...**कर दिया। हल्द्वानी राजपुरा निवासी 17 वर्षीय सुजल पुत्र नंदन प्रसाद साइकिल से काम पर जा रहा था। इस दौरान बस की चपेट में आने के कारण उसकी मौत हो गई। किशोर पटेल चौक में गछाई का कार्य करता था।मृतक अपने पिता के साथ रहता था। मृतक की मां का पहले ही देहांत हो चुका है। किशोर की मौत के बाद लोगों में बस चालक के खिलाफ काफी गुस्सा हो गया था। उन्होंने अस्पताल के बाहर हंगामा भी किया। मौके पर एसओ बनभूलपुरा नीरज भाकुनी अस्पताल पहुंचे और उन्होंने मृतक किशोर के परिजनों से बातचीत की और इस पूरे मामले में उचित कार्रवाई किए जाने का आश्वासन भी दिया। इसके बाद परिजन शांत हुए। पुलिस ने बस चालक को हिरासत में लेकर गाड़ी को सीज कर दिया है।

# एकता दिवस के रूप में मनाई पटेल जयंती

देहरादून (उद संवाददाता)।राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अपने आवास पर सरदार वल्लभभाई पटेल के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत के प्रथम उप प्रधानमंत्री एवं प्रथम गृह मंत्री सरदार वल्लभभाई ने अनेक रियासतों को भारत संघ में एकीकृत करने में अहम भूमिका निभाई। भारत की आजादी में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा।उधर पुलिस लाइन में डीजीपी अशोक कुमार ने पुलिसकर्मियों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई। इस दौरान उन्होंने पदक विजेता पुलिसकर्मी के पदक भी दिए। उन्होंने कहा कि मैं सत्यनिष्ठा से शपथ लेता हूं कि मैं राष्ट्र की एकता, अखंडता सुरक्षा को बनाए रखने के लिए स्वयं को समर्पित करूंगा और अपने देशवासियों के बीच यह संदेश फैलाने का भी भरसक प्रयत्न करूंगा। मैं यह शपथ अपने देश की एकता की भावना से ले रहा हूं, जिसे सरदार वल्लभभाई पटेल की दूरदर्शिता एवं कार्यों द्वारा संभव बनाया जा सके। मैं अपने देश की आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अपना योगदान करने का भी सत्यनिष्ठा से संकल्प करता हूं।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# 'रुद्रपुर के रहनुमाओं' को कभी माफ कर पाएगा 'गांधी पार्क'?

## गांधी पार्क को विकसित करने की कभी नहीं हुई ईमानदार कोशिश, पचा लिए गए करोड़ों, नहीं बदले पार्क के हालात अब अस्तित्व पर भी लटकी तलवार

-अर्श-

रूद्रपुर। मिनी इंडिया के नाम से विख्यात रुद्रपुर शहर के सांस्कृतिक, राजनीतिक सामाजिक आर्थिक एवं खेलकूद सहित तमाम विविध आयोजनों का इतिहास अपने आप में समेटे तथा नगर के रहवासियों की भावनाओं से सदैव गहरे आबद्ध रहे आए शहर के इकलौते खुले स्थान 'गांधी पार्क' पर अब अस्तित्व का संकट मंडराने लगा है। उधम सिंह नगर जिला प्रशासन के ग्रामीण विकास विभाग द्वारा गांधी पार्क की शिफ्टिंग के लिए तैयार किए गए 60 करोड़ के डीपीआर का प्रस्ताव, जिला विकास प्राधिकरण को अग्रेषित किए जाने संबंधी खबर को अगर सच मानें तो अब गांधी पार्क को रामपुर नैनीताल हाईवे की परली तरफ स्थित,सिंचाई विभाग के भूखंड में स्थानांतरित कर सेंट्रल पार्क के रूप में विकसित किया जाएगा और जिस भूखंड पर अभी वर्तमान में गांधी पार्क स्थित है उसमें एक तीन मंजिला पार्किंग स्थल का निर्माण किया जाएगा, साथ ही इस पार्किंग के नीचे 84 दुकान भी निर्मित की जाएगी। कहा जा रहा है कि प्रस्तावित मल्टी कार पार्किंग में तीन सैकड़ा से अधिक कार पार्क की जा सकेगी। शहर के हृदय स्थल में स्थित रुद्रपुर के प्राचीन एवं इकलौते पार्क का स्वरूप परिवर्तित कर इसे कंक्रीट के पहाड़ में परिवर्तित करने से किसको, कितना फायदा होगा और गांधी पार्क में बनाई जाने वाली दुकानें, किन शर्तों पर किसको और कितनी रकम की एवज में आवंटित की जाएगी? इस बहस में पड़े बिना सबसे पहले इस तथ्य पर विचार करते हैं कि मौजूदा गांधी पार्क के सिंचाई विभाग के भूखंड में शिफ्ट हो जाने के पश्चात अस्तित्व में आने वाले, तथाकथित सेंट्रल पार्क का उपयोग उतना ही मल्टीपल होगा, जितना की वर्तमान गांधी पार्क का है? बताने की जरूरत नहीं कि रुद्रपुर शहर में कोई अन्य बड़ा खुला मैदान अथवा स्तरीय ऑडिटोरियम न होने के कारण रुद्रपुर की तमाम राजनीतिक, सामाजिक, सांस्कृतिक ,आर्थिक एवं खेलकूद संबंधी गतिविधियां गांधी पार्क में ही आयोजित की जाती है। जाहिर है कि प्रस्तावित सेंट्रल पार्क में ऐसी गतिविधियों का आयोजन संभव नहीं होगा। ऐसे में बड़ा सवाल यह है कि भविष्य में ऐसे बड़े आयोजनों के लिए रुद्रपुर वासियों के समक्ष क्या विकल्प होगा और क्या प्रस्तावित सेंट्रल पार्क में वैसा ही खुलापन महसूस हो सकेगा ,जैसा कि गांधी पार्क में अनुभूत होता है? जाहिर है कि फिलहाल इसकी संभावना तनिक भी दिखाई नहीं देती। तो बड़ा सवाल यह है कि जब गांधी पार्क की शत प्रतिशत वैकल्पिक व्यवस्था करना नीति नियंताओं के बूते की बात नहीं है, तो वे ऐसा अहमकना कदम उठाने पर क्यों आमदा है? ऐसा लगता है जैसे नीति नियंताओं ने उत्तराखंड के पहाड़ी अंचलों में किए गए विवेकहीन विकास के दुष्परिणामों से कोई भी सबक नहीं लिया है और वे पहले जैसी ही विवेक हीनता, रुद्रपुर के गांधी पार्क में भी दोहराने की कोशिश कर रहे हैं। हो सकता है कि आगे चलकर गांधी पार्क की शिफ्टिंग के पीछे सक्रिय, तत्वों की ओर से यह तर्क आमजन के सामने लाया जाए की जब गांधी पार्क के बदले में एक बेहतर सेंट्रल पार्क विकसित करके दिया जा रहा है तो इसमें गलत क्या है? अब इन लोगों को यह बात कौन समझाए की गांधी पार्क से शहर वासियों का एक भावनात्मक रिश्ता है, जो कि प्रस्तावित सेंट्रल पार्क से शायद ही कभी स्थापित हो पाए। गांधी पार्क के अस्तित्व पर आज जो खतरा मंडरा रहा है वह अचानक ही सामने नहीं आ गया है, बल्कि पिछले कई वर्षों से इसकी कोशिश पर्दे के पीछे जारी थी। बड़ी विडंबना तो यह है कि रुद्रपुर के आज के रहनुमा जो कि कभी गांधी पार्क के मूल स्वरूप को बनाए रखने के लिए कुछ भी कर गुजरने की बात किया करते थे, आज वे ही गांधी पार्क को तहस-नहस करने के मुख्य सूत्रधार के रूप में सामने आ रहे हैं। देखा जाए तो गांधी पार्क के अस्तित्व पर मंडराता संकट और अब तक हुई इसकी घोर उपेक्षा किसी एक रहनुमा की बदनियति का परिणाम नहीं है, बल्कि इसके लिए रुद्रपुर शहर के तमाम राजनेता समाजसेवी, स्वयंभू व्यापारी नेताओं के साथ-साथ आमजन भी समान रूप से भागीदार हैं ,क्योंकि रुद्रपुर के रहनुमाओं ने कभी भी गांधी पार्क के प्रति अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन गंभीरता से नहीं किया। दरअसल गांधी पार्क को एक आदर्श पार्क के रूप में विकसित करने की ईमानदार कोशिश कभी नहीं की गई ।गांधी पार्क के सौंदर्य करण के नाम पर आज तक कई करोड़ के वारे-न्यारे कर दिए गए, लेकिन पार्क के हालात जस के तस रहे आए। उत्तराखंड के पहले विधानसभा चुनाव के बाद से आज तक रुद्रपुर को तिलक राज बेहड़ ,राजकुमार ठकुराल, शिव अरोरा, मीना शर्मा, सोनी कोली एवं रामपाल सिंह जैसे प्रतिनिधि मिले, लेकिन रुद्रपुर के किसी भी रहनुमा ने गांधी पार्क की दशा दिशा में सुधार के लिए कोई उल्लेखनीय कार्य नहीं किया। कोई आयोजन होने से पहले पार्क की साफ सफाई कर दी जाती और आयोजन के बाद पार्क, दोबारा पार्किंग और आवारा तत्वों तथा नशेड़ियों का अड्डा बनकर रह जाता। कोविड के पहले गांधी पार्क में कई बड़े व्यापार मेले लगे ,राजनीतिक दालों के छोटे-बड़े कार्यक्रम भी हुए, दशहरा उत्सव एवं खाटू श्यामजी का दरबार जैसे बड़े धार्मिक कार्यक्रम भी लगातार होते रहे तथा इन कार्यक्रमों से जुड़े शहर के कई नामी- गिरामी लोग गांधी पार्क आए ,लेकिन किसी ने भी इसकी दशा दिशा बदलने की फिक्र नहीं की। कुल मिलाकर गांधी पार्क के हिस्से बदहाली ही आई और अब तो इस पर अस्तित्व का संकट भी आन खड़ा हुआ है। मजे की बात तो यह है कि समय-समय पर गांधी पार्क में वृक्षारोपण का ढोंग सैकड़ो दफे किया गया, लेकिन यह बदनसीब पार्क आज तक हरा भरा नहीं हो सका ।सो, ऐसे में यह प्रश्न उठना स्वाभाविक ही है कि अपना वजूद खो देने की स्थिति में, क्या गांधी पार्क रुद्रपुर के रहनुमाओं को कभी माफ कर पाएगा?





### तिलक राज बेहड़

कांग्रेस के दिग्गज नेता एवं पूर्व मंत्री। लगातार 10 वर्ष रुद्रपुर-किच्छा विधान सभा सदस्य के रूप



में रुद्रपुर शहर के प्रतिनिधि रहे। राज्य के स्वास्थ्य मंत्री रहने के दौरान अपने कार्यकाल में शहर को कई यादगार तोहफे दिए। चाहते तो गांधी पार्क को मुगल गार्डन जैसा बना देते, लेकिन गांधी पार्क के लिए कुछ विशेष नहीं कर सके।

### राजकुमार ठुकराल

पहले रुद्रपुर नगर पालिका के अध्यक्ष और बाद में वर्ष 2012 से वर्ष 2022 तक रुद्रपुर विधानसभा सीट



से दो बार विधायक रहे। अपने कार्यकाल में कई इलाकों में सड़कों का जाल बिछाया, गांधी पार्क में उत्तराखंड का सबसे ऊंचा राष्ट्रीय ध्वज स्थल तो निर्मित कराया, लेकिन गांधी पार्क की दशा दिशा सुधारने की कभी फिक्र नहीं की।

### शिव अरोरा

रुद्रपुर विधानसभा सीट से वर्तमान विधायक एवं गांधी पार्क की शिफ्टिंग के प्रमुख सूत्रधार। लोहिया



मार्केट के उजाड़ जाते समय रहस्यमय चुप्पी साधी रहे। रूद्रपुर का नये विजन के साथ विकास का दावा करने वाले एवं अति शिक्षित होने के बावजूद गांधी पार्क से रुद्रपुर वासियों के भावनात्मक लगाव से अभी तक अनजान।

### मीना शर्मा

वर्तमान में महिला कांग्रेस की वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष एवं नगर पालिका की चेयरपर्सन रही। अपने



कार्यकाल में कुछ चौराहों के चौड़ीकरण के उल्लेखनीय प्रयास किए। पूरे कार्यकाल में प्रचार प्रसार पर नगर पालिका का पैसा पानी की तरह बहाया ,लेकिन गांधी पार्क के उन्नयन की दिशा में कोई माइलस्टोन नहीं स्थापित कर सकी।

### सोनी कोली

नगर निगम रुद्रपुर की पहली मेयर ।आरक्षण का लाभ लेकर कुर्सी तक पहुंची। पूरे कार्यकाल में अपने



राजनेता पति का रबर स्टैंप होने की धारणा को तोड़ने की कोशिश में लगी रही। गांधी पार्क के गेट का ताला खुलवाने और बंद करवाने की व्यवस्था में ही सारा कार्यकाल निकल गया। पार्क को हरा भरा बनाने की कभी कोशिश नहीं की।

### रामपाल सिंह

गांधी पार्क की शिफ्टिंग की पृष्ठभूमि तैयार करने में क्षेत्रीय विधायक के खास सहयोगी। लोहिया



मार्केट के विध्वंस में दोहरी भूमिका का निर्वाह । अपने कार्यकाल के दौरान गांधी पार्क में तकरीबन सैकड़ा भर आयोजनों में फीता काटने पहुंचे, मगर पार्क की सफाई एवं पार्क के सौंदर्यीकरण का प्रस्ताव पारित करने से ज्यादा और कुछ नहीं कर सके।

